भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2076

उत्तर दिनांक 12/03/2025 को दिया गया

केरल में परमाणु संयंत्र की स्थापना

2076. श्री हैबी ईडन

एडवोकेट अदूर प्रकाश

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार के पास केरल राज्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में भूमि स्थल की पहचान करने सहित कोई ठोस योजना तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ठोस आंकड़ों का विश्लेषण किया है कि क्या ऐसे परमाणु संयंत्र से केरल में बिजली संबंधी मुद्दों को हल करने में मदद मिलेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या केरल में ऐसा परमाणु संयंत्र स्थापित किए जाने की स्थिति में सरकार ने सुरक्षा संबंधी मुद्दों का विश्लेषण किया है;

(ङ) क्या केंद्र सरकार ने केरल सरकार के साथ परियोजना के आरंभ और समापन समय-सीमा पर कोई चर्चा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या केंद्र सरकार को केरल से थोरियम आधारित परमाणु संयंत्र स्थापित करने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए केंद्र सरकार के समक्ष मौजूदा प्रस्तावों का ब्यौरा, प्रस्तावित स्थान और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) से (छ) वर्तमान में केरल राज्य में नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****